# भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, उत्तर प्रदेश



# थीम सांग / गीत / कविता लेखन

# प्रतियोगिता दिशानिर्देश

प्रादेशिक मुख्यालय : गोल मार्केट, महानगर, लखनऊ
E-mail : upscoutsguides@yahoo.com
Website : www.bsgup.org

# भारत स्काउट्स एण्ड गाइड्स, उत्तर प्रदेश

प्रादेशिक मुख्यालय : महानगर, लखनऊ

# “यू.पी. – स्काउट्स – केयर”

## थीम सांग / गीत / कविता लेखन प्रतियोगिता

**प्रस्तावना :**

भारत स्काउट्स एण्ड गाइड्स, उत्तर प्रदेश एक स्वैच्छिक, गैर-राजनीतिक शैक्षिक युवा आन्दोलन है, जिसका उद्देश्य युवाओं में सेवा, अनुशासन, नेतृत्व, चरित्र निर्माण एवं जिम्मेदार नागरिकता की भावना विकसित करना है। स्काउटिंग केवल गतिविधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रभावी माध्यम है। स्काउट एवं गाइड अपने आचरण, सेवा कार्यों एवं सामाजिक सहभागिता के माध्यम से समाज को प्रेरित करते हैं।

इसी उद्देश्य को आगे बढ़ाते हुए **“यू.पी. – स्काउट्स – केयर”** अभियान प्रारम्भ किया गया है, जिसका उद्देश्य उत्तर प्रदेश को स्वच्छ, सुरक्षित, संवेदनशील, अनुशासित एवं विकसित राज्य बनाना है। यह आन्दोलन निम्न मूल भावना पर आधारित है: **“Care for State • Care for Others • Care for Self”**

**प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य :**

“यू.पी. – स्काउट्स – केयर” आन्दोलन के उद्देश्यों, मूल्यों एवं जन-जागरूकता अभियानों को जन-जन तक पहुँचाने हेतु प्रेरणादायक थीम सांग / गीत / कविता का सृजन करना।

**यू.पी. – स्काउट्स – केयर के प्रमुख फोकस एरिया :**

**प्रतियोगिता में प्रस्तुत गीत / कविता निम्न विषयों पर आधारित हो सकती है—**

1. चरित्र निर्माण
2. स्वच्छता एवं सैनिटेशन
3. स्वास्थ्य एवं स्वच्छ आदतें
4. पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण
5. सड़क सुरक्षा एवं यातायात अनुशासन
6. भ्रष्टाचार रोकना
7. नागरिक संवेदनशीलता एवं सहायता
8. सार्वजनिक संसाधनों एवं संपत्ति की सुरक्षा
9. सुरक्षा सुदृढ़ीकरण एवं राष्ट्रप्रेम

उक्त सभी विषयों पर अपनी प्रविष्टियों को भेज सकते है |

**नोट : प्रतिभागी उपरोक्त में से किसी एक अथवा एकाधिक विषयों पर आधारित अपनी प्रविष्टियाँ भेज सकते हैं।**

**प्रतियोगिता की श्रेणी :** इस प्रतियोगिता में निम्न प्रतिभागी भाग ले सकते हैं—

- कब/बुलबुल
- स्काउट /गाइड
- रोवर /रेंजर
- शिक्षक / स्काउटर / गाइडर
- सामान्य नागरिक / युवा प्रतिभागी

## प्रतियोगिता हेतु अर्हता :

1. गीत / कविता मौलिक (Original) होना चाहिए।
2. किसी अन्य मंच पर प्रकाशित / कॉपीराइट सामग्री स्वीकार नहीं की जाएगी।
3. गीत हिंदी भाषा में होना वांछनीय है।
4. गीत में सकारात्मक संदेश, प्रेरणा एवं सामाजिक जागरूकता होना आवश्यक है।

## प्रतियोगिता हेतु दिशा-निर्देश :

1. थीम सांग / गीत / कविता "यू.पी. – स्काउट्स – केयर" आन्दोलन के 09 फोकस एरिया से सम्बंधित होना चाहिए।
2. गीत में सेवा, साहस, संस्कार, अनुशासन, राष्ट्रप्रेम एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का समावेश होना चाहिए।
3. प्रतिभागी अपनी प्रविष्टि Word / PDF format में निम्न लिंक के माध्यम से भेजेंगे।

## मूल्यांकन के आधार :

**प्रविष्टियों का मूल्यांकन निम्न बिंदुओं के आधार पर किया जाएगा—**

| क्रम | मूल्यांकन बिंदु | अंक |
|---|---|---|
| 1 | विषय की प्रासंगिकता | 10 |
| 2 | मौलिकता एवं रचनात्मकता (Originality & Creativity) | 30 |
| 3 | प्रेरणादायक संदेश एवं सामाजिक प्रभाव | 20 |
| 4 | भाषा, सरलता एवं प्रस्तुति | 20 |
| 5 | स्काउटिंग मूल्यों का समावेश | 20 |

**कुल अंक – 100**

**पंजीकरण एवं प्रविष्टि भेजने की अंतिम तिथि : 17 अगस्त 2026**

**प्रतिभागियों को अपनी प्रविष्टियां निम्न लिंक/QR Code के माध्यम से भेजनी होंगी :**

**https://forms.gle/uk38MRaNEdKoYHYi6**

## पुरस्कार एवं सम्मान :

प्रत्येक विषय (फोकस एरिया) में सर्वश्रेष्ठ दो प्रविष्टियों को रु० 1000/- का नकद पुरस्कार प्रति प्रविष्टि एवं प्रमाण पत्र प्रदान प्रदान किया जायेगा | इसके अतिरिक्त—

- त्रैमासिक "तेजल" पत्रिका में सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टियों का प्रकाशन किया जाएगा।

## विशेष निर्देश :

1. चयनित श्रेष्ठ गीत / थीम सांग को "यू.पी. – स्काउट्स – केयर" के आधिकारिक गीत के रूप में उपयोग किया जायेगा।
2. आयोजन से संबंधित निर्णय अंतिम होगा।
3. प्रत्येक विषय (**फोकस एरिया**) में एक प्रतिभागी केवल एक-एक प्रविष्टियों भेज सकते है |

============***===========